**Regarding condition of electricity in Sultanpur**

श्री रामभुआल निषाद **(सुल्तानपुर) :** माननीय सभापति महोदया, मैं जिस क्षेत्र, सुल्तानपुर से चुनाव जीतकर आया हूँ, वह क्षेत्र अभी भी बहुत ज्यादा पिछड़ा हुआ है । मुझसे पहले वहां से बड़े-बड़े नेता चुनाव जीते हैं, लेकिन उस क्षेत्र का विकास नहीं हुआ । वहां पर जितनी भी सड़कें हैं, वे टूट चुकी हैं । उनकी रिपेयरिंग नहीं हो पा रही है । बिजली के तार और ट्रांसफार्मर आए दिन जलकर गिर जाते हैं और उस दुर्घटना में लोग मर जाते हैं । बिजली विभाग के एसीई स्तर के अधिकारी की लापरवाही से वहां पर बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है ।

सभापति महोदया, मेरे क्षेत्र में बेरोजगारों की संख्या बहुत ज्यादा है और वहां पर गरीब लोग हैं । वहां एक बाध मंडी है । वहां पर छोटे-छोटे किसान बाध के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं । वे अपना सामान बनाकर मंडी में नहीं बेच पा रहे हैं । उनको सरकार से सुविधा नहीं मिल रही है । उनको सुविधा दिलाई जाए ।

सभापति महोदया, मेरा एक व्यक्तिगत मामला है । मैं गोरखपुर जनपद का रहने वाला हूँ । वहां के एक निषाद परिवार में पूनम निषाद और उसकी लड़की, अनुष्का निषाद की निर्मम हत्या कर दी गई। मैं उस पीड़ित परिवार से मिलने जा रहा था, लेकिन बीजेपी का स्थानीय विधायक ? (व्यवधान)